लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद,हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

अश्विन कृष्ण पक्ष अष्टमी 8:08 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 4, अंक 323, पृष्ठ 16, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, शनिवार, 7 अक्टूबर 2023

www.amritvichar.com

PAGE NO : 02 TOP

- स्पोर्ट्स स्टेडियम में सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता सुबह 9 बजे।

PAGE NO : 05 MIDDLE

बैडमिंटन प्रतियोगिता के पहले दिन खेले गए 350 मैच

मैच में शॉट मारती महिला खिलाड़ी। • अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार : जिला बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से योनेक्स सनराईस डॉ. अखिलेश दास स्मारक इंडियन सीनियर मेजर रैंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता की स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को शुरुआत हुई। मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। सचिव अनिल मेहरोत्रा ने बताया कि टूर्नामेंट में 1394 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष डी. एल खट्टर ने सीडीओ जग प्रवेश और क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेन्द्र यादव का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि पहले दिन 350 से अधिक क्वालिफाइंग मैच खेले गए। इस अवसर पर संयुक्त सचिव जगदीश खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी, गौरव भसीन, सुनील शर्मा, कुमार अग्रवाल, राकेश टंडन, देवेन्द्र थापा, दीपक धवन, हिमांक सिंह, अरुन नेगी, विष्णु शंकर शर्मा उर्फ सप्पू, रोहित कुमार, जितेन्द्र कुमार, कुलदीप आदि मौजूद रहे। श्री राममूर्ति स्मारक मेडिकल एवं इंजीनियरिंग कालेज में सात कोर्टों में मैच तीन दिनों तक खेले जाएंगे।